जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।
दिनांक : 27.12.2013

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>
**(सं. 2013/502)**

**<u>जयुपर–शोलापुर–जयपुर (07 ट्रिप) साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा का संचालन</u>**

**<u>(वाया सवाई माधोपुर, कोटा, उज्जैन एवं सांई नगर शिरडी )</u>**

रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु **सांई नगर शिरडी** के लिये सीधी रेल सेवा **जयपुर–शोलापुर–जयपुर साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा का संचालन** किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी श्री तरूण जैन के अनुसार के अनुसार गाडी संख्या 09715, जयपुर–शोलापुर साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा **<u>दिनांक 30.12.13से 10.02.14 तक (07 ट्रिप)</u>** जयपुर से प्रत्येक सोमवार को 12.55 बजे रवाना होकर ***<u>मंगलवार 15.20 बजे सांई नगर शिरडी होते हुये</u>*** बुधवार को 01.15 बजे शोलापुर पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09716, शोलापुर–जयपुर साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा **<u>दिनांक 01.01.14 से 12.02.14 तक (07 ट्रिप)</u>** शोलापुर से प्रत्येक बुधवार को 06.45 बजे रवाना होकर ***<u>13.45 बजे सांई नगर शिरडी होते हुये</u>*** गुरूवार को 18.30 बजे जयपुर पहुँचेगी।

यह गाडी दोनो दिशाओं दुर्गापुरा, वनस्थली निवाई, सवाई माधोपुर, इन्द्रगढ सुमेरगंज मण्डी, कोटा, रामगंज मंडी, भवानी मंडी, छाउ महला, नागदा, उज्जैन, माकसी, बैरछा, सुजालपुर, सेहोर, बैरागढ, भोपाल, इटारसी, खंडवा, भुसावल, मनमाड, कॉपरगांव, सांई नगर शिरडी, पुंटाम्बा, बैलापुर, अहमद नगर, दौंड जंक्शन, जैओर, कुरदुवादी, माधा एवं मोहोल स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

इस गाडी में 01 सैकण्ड एसी, 02 थर्ड एसी, 07 द्वितीय शयनयान श्रेणी एवं 04 साधारण श्रेणी के डिब्बों सहित कुल 16 डिब्बें होंगे।

**जन सम्पर्क अधिकारी**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर**